कुम्भ के दौरान कौंसुल ने लगातार जल आपूर्ति सुनिश्चित की

कानपुर। अग्रणी उर्जा संसाधनों (यूपीएस, सोलर पॉवर पैक, इनवर्टर और वोल्टेज स्टेबलाइजर) के निर्माता कौंसुल कंसोलिडेटेड ने महाकुम्भ के दौरान उन्नत किस्म की उर्जा सयंत्रों के ज़रिये अबाधित जल आपूर्ति करने के लिए उत्तर प्रदेश जल निगम से अपनी साझेदारी की घोषणा की है।

कौंसल ने यूपी जल निगम के पम्पिंग स्टेशन पर 60 केवीए कौंसुल वोल्टेज स्टेबलाइज़र स्थापित किये हैं जिससे कि महाकुम्भ के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अबाधित जलापूर्ति की जा रही है। मेले में पम्पिंग स्टेशनों पर स्थापित 46 कौंसुल सर्वो स्टेबलाइजरों के जरिये 24X7 पूरे कुम्भ नगर में 550 किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन द्वारा 20,000 कनेक्शन पर जलापूर्ति की जा रही है। इस अवसर पर बोलते श्री एनपी कृष्णन, डायरेक्टर मार्केटिंग, कौंसुल कंसोलिडेटेड ने कहा, श्कौंसुल इस बात से गौरवान्वित महसूस कर रहा है कि हमारें वोल्टेज स्टेबलाइजर विश्व क्र सबसे बड़े मेले महाकुम्भ के पूरे 55 दिनों के अवधि के दौरान वाटर पम्पिंग स्टेशनों को उर्जा प्रदान कर रहे हैं। कौंसुल स्टेबलाइज़र अपनी और टिकाऊ बनावट के चलते किसी भी उर्जा आपूर्ति की स्थिति में काम कर लेते हैं और लाखों श्रद्धालुओं को विषम परिस्थिति में भी 24 घंटे जलापूर्ति कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश जल निगम के एग्जीक्यूटिव इंजिनियर श्री आरसी मौर्या ने कहा कि श्हमारा प्रयास है कि मेले में आने वाले स्नानार्थियों को अबाधित और समुचित जलापूर्ति मिले। हमारा अनुमान है कि मेल की समाप्ति तक मेले में आये श्रद्धालुओं द्वारा 80 मिलियन लीटर से अधिक पानी का उपयोग हो चूका होगा, हमे खुशी है कि हम यह कार्य सुचारू रूप से,बिना किसी बाधा के कर पा रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ नगर लगभग 2000 हेक्टेयर के क्षेत्रफल पर बसाया गया है।